Revenue Officer Gr. II & Executive Officer Gr-IV Re-Exam - 2022

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

(Local Self Govt- Deptt.) दिनांक - 23/03/2025

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
No. of Pages in Booklet : 32
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 120
No. of Questions in Booklet : 120
Paper Code : 01

# ORE-25

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड/ Question Booklet No. & Barcode

1221009

SUBJECT : G.K. & Others

समय : 02:00 घण्टे+10 मिनिट अतिरिक्त*
Time : 02:00 Hours+10 Minutes Extra*

अधिकतम अंक : 120
Maximum Marks: 120

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :-

- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-

- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर-पत्रक में पांचवे (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. * **After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt by the Commission as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. Which of the following temple/s is/are located in Amer?
(A) Jagat Shiromani Temple
(B) Ambikeshwar Mahadev Temple
(C) Raktdantika Mata Temple
**Code -**
(1) (A), (B) and (C)
(2) (A) and (B)
(3) Only (B)
(4) Only (A)
(5) Question not attempted

2. 'Kangada incident' was related to which of the following Peasant Movement?
(1) Shekhawati
(2) Marwar
(3) Bikaner
(4) Begun
(5) Question not attempted

3. Match the following List-I with List-II and select the correct answer using the code given below –

| List-I (Ruler) | List-II (Dynasty) |
|---|---|
| (A) Bauk | (i) Pratihar |
| (B) Rao Siha | (ii) Rathore |
| (C) Bappa | (iii) Guhils |
| (D) Vasudev | (iv) Chouhan |

**Code -**
(1) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iii), (D)-(iv)
(2) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(3) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(4) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(ii)
(5) Question not attempted

4. Which of the following British officer put pressure on the ruler of Bundi, Rao Raja Bishan Singh and successfully created atmosphere against the Sati system?
(1) Robinson
(2) C.E. Burton
(3) James Tod
(4) John Ludlow
(5) Question not attempted

5. The historical Jauhar of Rani Rang Devi was related to -
(1) Chittorgarh
(2) Siwana
(3) Ranthambhore
(4) Jalore
(5) Question not attempted

1. निम्न में से कौनसा/से मन्दिर आमेर में स्थित है/हैं?
(अ) जगत शिरोमणि मन्दिर
(ब) अम्बिकेश्वर महादेव मन्दिर
(स) रक्तदंतिका माता मन्दिर
**कूट –**
(1) (अ), (ब) और (स)
(2) (अ) और (ब)
(3) केवल (ब)
(4) केवल (अ)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्न में से किस किसान आन्दोलन से 'कांगड़ काण्ड' का सम्बन्ध था?
(1) शेखावाटी
(2) मारवाड़
(3) बीकानेर
(4) बेगूं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए –

| सूची–I (शासक) | सूची–II (वंश) |
|---|---|
| (अ) बाउक | (i) प्रतिहार |
| (ब) राव सीहा | (ii) राठौड़ |
| (स) बप्पा | (iii) गुहिल |
| (द) वासुदेव | (iv) चौहान |

**कूट –**
(1) (अ)-(ii), (ब)-(i), (स)-(iii), (द)-(iv)
(2) (अ)-(i), (ब)-(ii), (स)-(iii), (द)-(iv)
(3) (अ)-(iv), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(i)
(4) (अ)-(iii), (ब)-(i), (स)-(iv), (द)-(ii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्नलिखित में से किस ब्रिटिश अधिकारी ने बूंदी के शासक राव राजा बिशन सिंह पर दबाव डालकर सती प्रथा के विरुद्ध वातावरण तैयार करने में सफलता प्राप्त की?
(1) रॉबिन्सन
(2) सी.ई. बर्टन
(3) जेम्स टॉड
(4) जॉन लुड्लो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. रानी रंग देवी का ऐतिहासिक जौहर सम्बन्धित था –
(1) चित्तौड़गढ़ से
(2) सिवाणा से
(3) रणथम्भौर से
(4) जालौर से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Consider the following statements about Prajamandal Movement and choose the correct option from below -

(A) Banswara Prajamandal was established due to the tireless efforts of Bhupendranath Trivedi.

(B) Dholpur Prajamandal was established under the Chairmanship of Krishna Dutt Paliwal.

(1) Only (A) is true
(2) Only (B) is true
(3) (A) and (B) both are true
(4) (A) and (B) both are false
(5) Question not attempted

7. Which of the following is/are an aerophone musical instrument/s of Rajasthani folk music?

(A) Algoja
(B) Bhapang
(C) Satara
(D) Nad

**Code -**

(1) (A), (B) and (C) (2) Only (A)
(3) (A) and (B) (4) (A), (C) and (D)
(5) Question not attempted

8. Where is "The Samadhi of folk deity Kallaji Rathore" located?

(1) Chittorgarh (2) Gagron Fort
(3) Mehrangarh (4) Kumbhalgarh
(5) Question not attempted

9. Reservoirs named as Nana Sahab's Jhalra and Ibrahim's Jhalra are located in -

(1) Gagron (Jhalawar)
(2) Taragarh (Ajmer)
(3) Bayana Fort (Bharatpur)
(4) Jaigarh (Jaipur)
(5) Question not attempted

10. Who among the following was the President of "Rajasthan Aandolan Samiti" formed for the integration of Greater Rajasthan?

(1) Jai Narayan Vyas
(2) Sardar Vallabhbhai Patel
(3) Hiralal Shastri
(4) Ram Manohar Lohia
(5) Question not attempted

6. प्रजामण्डल आन्दोलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं निम्नांकित में से सही विकल्प चुनिए –

(अ) भूपेन्द्रनाथ त्रिवेदी के अथक प्रयासों से बांसवाड़ा प्रजामण्डल की स्थापना हुई।

(ब) कृष्ण दत्त पालीवाल की अध्यक्षता में धौलपुर प्रजामण्डल की स्थापना हुई।

(1) केवल (अ) सत्य है
(2) केवल (ब) सत्य है
(3) (अ) और (ब) दोनों सत्य हैं
(4) (अ) और (ब) दोनों असत्य हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. निम्नलिखित में से कौनसा/से राजस्थानी लोक संगीत का/के सुषिर वाद्य यंत्र है/हैं?

(अ) अलगोजा
(ब) भपंग
(स) सतारा
(द) नड़

**कूट –**

(1) (अ), (ब) और (स) (2) केवल (अ)
(3) (अ) और (ब) (4) (अ), (स) और (द)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. "लोक देवता कल्लाजी राठौड़ की समाधि" कहां स्थित है?

(1) चित्तौड़गढ़ (2) गागरोण दुर्ग
(3) मेहरानगढ़ (4) कुंभलगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. नाना साहब का झालरा एवं इब्राहीम का झालरा नामक जलाशय अवस्थित हैं –

(1) गागरोण (झालावाड़) में
(2) तारागढ़ (अजमेर) में
(3) बयाना दुर्ग (भरतपुर) में
(4) जयगढ़ (जयपुर) में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्न में से कौन वृहद राजस्थान के एकीकरण के लिए गठित "राजस्थान आन्दोलन समिति" का अध्यक्ष था?

(1) जय नारायण व्यास
(2) सरदार वल्लभभाई पटेल
(3) हीरालाल शास्त्री
(4) राम मनोहर लोहिया
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. Ladli Das was a Painter of which of the following painting styles?

(1) Kishangarh (2) Jaisalmer

(3) Bundi (4) Alwar

(5) Question not attempted

12. Where is 'Abheda Mahal' located?

(1) Dungarpur (2) Bundi

(3) Bikaner (4) Kota

(5) Question not attempted

13. Which of the following is/are not menswear?

(A) Jama

(B) Choga

(C) Angrakhi

(D) Lappa

**Code -**

(1) Only (A) (2) (A) and (D)

(3) Only (D) (4) (A) and (B)

(5) Question not attempted

14. Which of the following statement is not correct?

(1) Malav Samvat began from 78 A.D.

(2) The Malavas continued to support the Vedic Yajna tradition.

(3) The Sun and Bodhi tree are engraved on Malav coins.

(4) The names of the commanders are inscribed on Malav coins.

(5) Question not attempted

15. Which of the following Mughal Commander was defeated by Maharana Pratap in the Battle of Diver?

(1) Shahbaj Khan (2) Sultan Khan

(3) Rahim (4) Jalal Khan

(5) Question not attempted

11. लाडली दास निम्न में से किस चित्रकला शैली का चित्रकार था?

(1) किशनगढ़ (2) जैसलमेर

(3) बूंदी (4) अलवर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. 'अभेड़ा महल' कहां स्थित है?

(1) डूंगरपुर (2) बूंदी

(3) बीकानेर (4) कोटा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

13. निम्नलिखित में से कौनसा/से पुरुषों का/के वस्त्र नहीं है/हैं?

(अ) जामा

(ब) चोगा

(स) अंगरखी

(द) लप्पा

कूट –

(1) केवल (अ) (2) (अ) और (द)

(3) केवल (द) (4) (अ) और (ब)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

14. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) मालव संवत् का प्रारम्भ 78 ई. से हुआ था।

(2) मालवों ने वैदिक यज्ञ परम्परा को समर्थन देना जारी रखा था।

(3) मालव सिक्कों पर सूर्य एवं बोधि वृक्ष अंकित हैं।

(4) मालव सिक्कों पर सेनापतियों के नाम अंकित हैं।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

15. निम्नलिखित में से किस मुगल सेनानायक को दिवेर के युद्ध में महाराणा प्रताप ने परास्त किया था?

(1) शाहबाज खान (2) सुल्तान खां

(3) रहीम (4) जलाल खां

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. Which of the following pair/s is/are correctly matched?

| Name of Newspaper | | Editor |
|---|---|---|
| (A) Tyag Bhumi | : | Hiralal Shastri |
| (B) Akhand Bharat | : | Jai Narayan Vyas |
| (C) Arya Martand | : | Ram Sahay Sharma |

Code -

(1) (B) and (C) (2) (A), (B) and (C)
(3) Only (B) (4) (A) and (B)
(5) Question not attempted

17. Which of the following statement/s is/are correct regarding the land and revenue system of Medieval Rajasthan?

(A) Fertile land was known as 'Maal' and hilly land was known as 'Magra'.
(B) The crops produced in winters were known as 'Siyalu' and in summer were known as 'Unal'.
(C) The tax for produce was determined in the form of 'Lata and Kunta'.

(1) Only (A) (2) (A), (B) and (C)
(3) (A) and (B) (4) (A) and (C)
(5) Question not attempted

18. Which of the following pair/s is/are correctly matched?

| Text | | Author |
|---|---|---|
| (A) Raj Rupak | - | Kavi Veerbhan |
| (B) Suraj Prakash | - | Karnidan |
| (C) Ramranjat | - | Suryamall Mishran |

Code -

(1) Only (A) (2) (A), (B) and (C)
(3) Only (B) (4) (A) and (B)
(5) Question not attempted

19. Which of the following statement is not correct about the Ahar Archaeological sites of Rajasthan?

(1) Evidences of rice and cattle & wild animals were found from here.
(2) Copper artefacts including axes, ring and bangles were found here.
(3) Ahar is famous for its abundant resources of Bronze.
(4) Ahar civilisation was located on the banks of river Banas and its tributaries.
(5) Question not attempted

16. निम्नलिखित में से कौनसा/से युग्म सही सुमेलित है/हैं?

| समाचार पत्र का नाम | | संपादक |
|---|---|---|
| (अ) त्याग भूमि | : | हीरालाल शास्त्री |
| (ब) अखण्ड भारत | : | जय नारायण व्यास |
| (स) आर्य मार्तण्ड | : | राम सहाय शर्मा |

कूट –

(1) (ब) और (स) (2) (अ), (ब) और (स)
(3) केवल (ब) (4) (अ) और (ब)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. मध्यकालीन राजस्थान के भूमि एवं राजस्व व्यवस्था के संबंध में निम्न में से कौनसा/से कथन सत्य है/हैं?

(अ) उपजाऊ भूमि 'माल' व पहाड़ी भूमि 'मगरा' कहलाती थी।
(ब) सर्दी में पैदा फसल 'सियालू' व गर्मियों में पैदा होने वाली फसल 'उनाल' कहलाती थीं।
(स) उपज पर कर का निर्धारण 'लाटा एवं कूंता' प्रणाली से होता था।

(1) केवल (अ) (2) (अ), (ब) एवं (स)
(3) (अ) एवं (ब) (4) (अ) एवं (स)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. निम्नलिखित में से कौनसा/कौनसे युग्म सही सुमेलित है/हैं?

| ग्रंथ | | लेखक |
|---|---|---|
| (अ) राजरूपक | – | कवि वीरभाण |
| (ब) सूरज प्रकाश | – | करणीदान |
| (स) रामरंजाट | – | सूर्यमल्ल मिश्रण |

कूट –

(1) केवल (अ) (2) (अ), (ब) और (स)
(3) केवल (ब) (4) (अ) और (ब)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. राजस्थान के आहड़ पुरातात्विक स्थलों के विषय में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?

(1) यहां से चावल और जंगली जानवर एवं मवेशियों के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं।
(2) ताम्र उपकरण कुल्हाड़ी, अंगूठी, चूड़ियां इत्यादि यहां पर पाए गए।
(3) आहड़ अपने कांस्य के प्रचुर भण्डार के लिए प्रसिद्ध है।
(4) आहड़ सभ्यता बनास एवं उसकी सहायक नदियों पर स्थित थी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. Zahoor Khan Mewati is a master of which folk instrument?

(1) Rawan Hattha (2) Algoja
(3) Pungi (4) Bhapang
(5) Question not attempted

21. Non-Calcite Brown soils are found in which districts of Rajasthan?

(1) Jalore, Pali and Balotara
(2) Pratapgarh, Dungarpur and Banswara
(3) Ganganagar, Churu and Bikaner
(4) Jaipur, Sikar and Jhunjhunu
(5) Question not attempted

22. Jaipur, Dausa and Tonk are included in which tourist circuit?

(1) Vagad (2) Dhundhar
(3) Godwar (4) Merwara
(5) Question not attempted

23. Which among the following are correctly matched?

| Lake | | District |
|---|---|---|
| (A) Kalisot | - | Baran |
| (B) Bhimtal | - | Jhalawar |
| (C) Anand Sagar | - | Banswara |
| (D) Chaparwara | - | Tonk |

Select the correct answer using code given below –

**Code -**

(1) (B), (C) and (D)
(2) (A) and (C)
(3) (A), (B), (C) and (D)
(4) (B) and (D)
(5) Question not attempted

24. Virnar and Varalakshmi are the hybrid breeds of -

(1) Barley (2) Wheat
(3) Sugarcane (4) Cotton
(5) Question not attempted

20. जहूर खां मेवाती किस लोक वाद्य के पारंगत कलाकार हैं?

(1) रावण हत्था (2) अलगोजा
(3) पुंगी (4) भपंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. राजस्थान में नॉन–कैल्साइट ब्राउन (भूंरी) मृदा किन जिलों में पाई जाती है?

(1) जालौर, पाली तथा बालोतरा
(2) प्रतापगढ़, डूँगरपुर तथा बांसवाड़ा
(3) गंगानगर, चूरू तथा बीकानेर
(4) जयपुर, सीकर तथा झुन्झुनूँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. जयपुर, दौसा तथा टोंक किस पर्यटक परिपथ में सम्मिलित हैं?

(1) वागड़ (2) ढूँढार
(3) गोडवार (4) मेरवाड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. निम्नलिखित में से कौनसे सही सुमेलित है?

| झील | | जिला |
|---|---|---|
| (A) कालीसोत | – | बारां |
| (B) भीमताल | – | झालावाड़ |
| (C) आनन्द सागर | – | बांसवाड़ा |
| (D) छापरवाड़ा | – | टोंक |

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर कीजिए –

**कूट –**

(1) (B), (C) और (D)
(2) (A) और (C)
(3) (A), (B), (C) और (D)
(4) (B) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. वीरनार और वरलक्ष्मी उन्नत किस्में हैं –

(1) जौ (2) गेहूँ
(3) गन्ना (4) कपास
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. Which among the following is not a mining area of Soapstone in Rajasthan?

(1) Devpura

(2) Balupura

(3) Dagota-Jharna

(4) Ghewaria-Chandpur

(5) Question not attempted

25. निम्नलिखित में से कौनसा राजस्थान में घिया पत्थर खनन क्षेत्र नहीं है?

(1) देवपुरा

(2) बालूपुरा

(3) दागोटा–झरना

(4) घेवरिया–चाँदपुर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. Match List-I with List-II and select the correct answer using code given below -

| List–I | | List–II |
|---|---|---|
| (A) Bandh Baretha | - | (i) Bundi |
| (B) Ramsagar Van Vihar | - | (ii) Bharatpur |
| (C) Shergarh | - | (iii) Baran |
| (D) Ramgarh Vishdhari | - | (iv) Dholpur |

**Code -**

(1) (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(iii)

(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)

(3) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

(4) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)

(5) Question not attempted

26. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिए –

| सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|
| (A) बंध बारेठा | – | (i) बूंदी |
| (B) रामसागर वन विहार | – | (ii) भरतपुर |
| (C) शेरगढ़ | – | (iii) बारां |
| (D) रामगढ़ विषधारी | – | (iv) धौलपुर |

कूट –

(1) (A)-(i), (B)-(iv), (C)-(ii), (D)-(iii)

(2) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(iii), (D)-(i)

(3) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(iv), (D)-(i)

(4) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i), (D)-(iv)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. Where first and second commercial wind farms were established by RRECL in Rajasthan?

(1) Jaisalmer and Akal

(2) Devgarh and Nokh

(3) Phalodi and Harshnath

(4) Khodal and Devgarh

(5) Question not attempted

27. राजस्थान में RRECL द्वारा प्रथम एवं द्वितीय व्यावसायिक पवन फार्म कहाँ स्थापित किए गए थे?

(1) जैसलमेर तथा आकल

(2) देवगढ़ तथा नोख

(3) फलोदी तथा हर्षनाथ

(4) खोडल तथा देवगढ़

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. Which among the following is not a Natural-Gas reserve area of Jaisalmer district?

(1) Ghotaru (2) Jogsaria

(3) Chinnewala (4) Manihari Tibba

(5) Question not attempted

28. निम्नलिखित में से कौनसा जैसलमेर में प्राकृतिक–गैस भण्डार क्षेत्र नहीं है?

(1) घोटारू (2) जोगसरिया

(3) चिन्नेवाला (4) मनिहारी टिब्बा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29.** Match List-I with List-II and select the correct answer using code given below -

| List–I (Tourist Place) | List–II (Location) |
| --- | --- |
| (A) Bala Fort | (i) Mt. Abu |
| (B) Delwara Temple | (ii) Tonk |
| (C) Swarn Kothi | (iii) Bundi |
| (D) Chaurasi-Khambon-ki-Chhatri | (iv) Alwar |

**Code -**

(1) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(2) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(3) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(4) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(5) Question not attempted

**29.** सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये गये कूट से कीजिये –

| सूची–I (पर्यटन स्थल) | सूची–II (अवस्थिति) |
| --- | --- |
| (A) बाला किला | (i) माउन्ट आबू |
| (B) देलवाड़ा मंदिर | (ii) टोंक |
| (C) स्वर्ण कोठी | (iii) बूंदी |
| (D) चौरासी खम्बों की छतरी | (iv) अलवर |

कूट –

(1) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(2) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(3) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(4) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** Which of the following places get irrigation from Siddhamukh Project?

(1) Sumerpur and Arinpura
(2) Dhariawad and Salumber
(3) Rajgarh and Taranagar
(4) Kekri and Sarwar
(5) Question not attempted

**30.** निम्नलिखित में से कौनसे स्थान सिद्धमुख परियोजना से सिंचित हैं?

(1) सुमेरपुर एवं एरिनपुरा
(2) धरियावाड़ एवं सलूम्बर
(3) राजगढ़ एवं तारानगर
(4) केकड़ी एवं सरवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31.** Select the Aravali Peak among the following, which is higher than Kamalnath and lower than Achalgarh -

(1) Sirawas (2) Lilagarh
(3) Raghunathgarh (4) Sajjangarh
(5) Question not attempted

**31.** निम्नलिखित में से अरावली की उस चोटी का चयन कीजिए, जो कमलनाथ से ऊँची तथा अचलगढ़ से नीची है –

(1) सिरावास (2) लीलागढ़
(3) रघुनाथगढ़ (4) सज्जनगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** As per India - State of Forest Report-2021, which among the following group of districts witnessed negative change in their forest cover during year 2019-2021 assessment?

(1) Jalore and Ajmer
(2) Karauli and Jalore
(3) Karauli and Bikaner
(4) Jalore and Nagaur
(5) Question not attempted

**32.** भारत – वन स्थिति रिपोर्ट–2021 के अनुसार, वर्ष 2019-2021 के आंकलन में निम्नलिखित में से किस जिले के समूह के वनावरण में ऋणात्मक परिवर्तन हुआ?

(1) जालौर तथा अजमेर
(2) करौली तथा जालौर
(3) करौली तथा बीकानेर
(4) जालौर तथा नागौर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** Rural and Urban Male Literacy Rate of Rajasthan in 2011 was respectively -

(1) 76.2% and 87.9% (2) 87.9% and 77.7%
(3) 77.9% and 85.2% (4) 75.1% and 79.7%
(5) Question not attempted

**33.** 2011 में राजस्थान में ग्रामीण एवं नगरीय पुरुष साक्षरता दर क्रमशः थी –

(1) 76.2% और 87.9% (2) 87.9% और 77.7%
(3) 77.9% और 85.2% (4) 75.1% और 79.7%
(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. 'Damor' tribe inhabited mostly in -
(1) Pindwara Tehsil
(2) Kishanganj Tehsil
(3) Shahabad Panchayat Samiti
(4) Simalwara Panchayat Samiti
(5) Question not attempted

34. 'डामोर' जनजाति मुख्यतः निवास करती है –
(1) पिण्डवाड़ा तहसील में
(2) किशनगंज तहसील में
(3) शाहबाद पंचायत समिति में
(4) सीमलवाड़ा पंचायत समिति में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. Which one of the following (Industry - Place (Location)) is not a correct match?
(1) State Woollen Mills - Bikaner
(2) Sulphuric Acid Plant - Alwar
(3) Cement - Lakheri
(4) Glass - Bhilwara
(5) Question not attempted

35. निम्नलिखित में से कौनसा (उद्योग – स्थान) सही सुमेलित नहीं है?
(1) स्टेट वूलन मिल्स – बीकानेर
(2) सल्फ्यूरिक एसिड प्लान्ट – अलवर
(3) सीमेन्ट – लाखेरी
(4) काँच – भीलवाड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. Which one of the following is not a part of south-east plateau region of Rajasthan?
(1) Semi-circular mountain ranges
(2) Piedmont Plain of Deogarh
(3) Shahabad highlands
(4) Dag-Gangdhar highlands
(5) Question not attempted

36. निम्नांकित में से कौनसा एक राजस्थान के दक्षिणी–पूर्वी पठार प्रदेश का भाग नहीं है?
(1) अर्द्ध–चन्द्राकार पर्वत श्रेणियाँ
(2) देवगढ़ का पीडमाण्ट मैदान
(3) शाहबाद का उच्च स्थल
(4) डग–गंगधार के उच्च क्षेत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. Which of the following is not a Traditional Water Conservation Method in Rajasthan?
(1) Jhalra (2) Painda
(3) Toba (4) Nadi
(5) Question not attempted

37. निम्नलिखित में से कौनसी राजस्थान में परम्परागत जल संरक्षण तकनीक नहीं है?
(1) झालरा (2) पैंडा
(3) टोबा (4) नाडी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. Match List-I with List-II and select the correct answer using code given below -

| List-I (Minerals) | | List-II (Mining Centres) |
|---|---|---|
| (A) Iron Ore | - | (i) Rewat hills |
| (B) Manganese | - | (ii) Kali Pahari |
| (C) Tungsten | - | (iii) Sagwada |
| (D) Beryllium | - | (iv) Kala Khunta |

Code -
(1) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(2) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(3) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)
(4) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(5) Question not attempted

38. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट से कीजिये –

| सूची–I (खनिज) | | सूची–II (खनन क्षेत्र) |
|---|---|---|
| (A) लौह अयस्क | – | (i) रेवत पहाड़ियाँ |
| (B) मैंगनीज | – | (ii) काली पहाड़ी |
| (C) टंगस्टन | – | (iii) सागवाड़ा |
| (D) बेरिलियम | – | (iv) काला खूंटा |

कूट –
(1) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iv)
(2) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(3) (A)-(iv), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(i)
(4) (A)-(ii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. Read the following facts carefully about a river of Rajasthan -

(A) It originates from Bichhameda near Rishabhdev.

(B) Gomati and Sarani are its tributaries.

Identify the river -

(1) Som (2) Sabarmati

(3) Jakham (4) Western Banas

(5) Question not attempted

40. Which among the following districts of Rajasthan is correctly arranged in descending order as per the amount of average rainfall received during south-west monsoon season?

(1) Dholpur, Alwar, Jhunjhunu

(2) Dholpur, Jhunjhunu, Alwar

(3) Kota, Jhalawar, Udaipur

(4) Alwar, Dholpur, Jhunjhunu

(5) Question not attempted

41. Consider the following statements regarding The Rajasthan Guaranteed Delivery of Public Services Act and identify the correct answer from the code given below :

(a) The Act was No. 50th of the year 2011.

(b) The Act received the assent of the Governor on September 30, 2011.

(c) The Act was enacted by the State Assembly in the 62nd Year of the Republic of India.

**Code -**

(1) Only (c) is correct

(2) Only (a) is correct

(3) Only (b) and (c) are correct

(4) Only (b) is correct

(5) Question not attempted

42. As a mark of Information Technology Innovation, how many online examinations have been held by RPSC between 2011 and September 2017?

(1) 154 (2) 150

(3) 145 (4) 158

(5) Question not attempted

39. राजस्थान की एक नदी के सन्दर्भ में निम्नलिखित तथ्यों को सावधानीपूर्वक पढ़िए –

(A) यह ऋषभदेव के निकट बीछामेड़ा से उद्गमित होती है।

(B) गोमती तथा सारनी इसकी सहायक नदियाँ हैं।

नदी की पहचान कीजिए –

(1) सोम (2) साबरमती

(3) जाखम (4) पश्चिमी बनास

(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. दक्षिण–पश्चिम मानसून के मौसम में प्राप्त औसत वर्षा की मात्रा के अनुसार राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से कौनसा सही ढंग से अवरोही क्रम में व्यवस्थित है?

(1) धौलपुर, अलवर, झुन्झुनूँ

(2) धौलपुर, झुन्झुनूँ, अलवर

(3) कोटा, झालावाड़, उदयपुर

(4) अलवर, धौलपुर, झुन्झुनूँ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, राजस्थान के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) यह अधिनियम वर्ष 2011 का 50वां था।

(b) इस अधिनियम को राज्यपाल की स्वीकृति 30 सितम्बर, 2011 को प्राप्त हुई।

(c) इस अधिनियम को राज्य विधान सभा द्वारा भारत के गणतंत्र के 62वें वर्ष में पारित किया गया।

**कूट –**

(1) केवल (c) सही है

(2) केवल (a) सही है

(3) केवल (b) और (c) सही हैं

(4) केवल (b) सही है

(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. सूचना प्रौद्योगिकी नवाचार के रूप में, आर.पी.एस.सी. द्वारा 2011 और सितम्बर 2017 के बीच कितनी ऑनलाइन परीक्षाएं आयोजित की हैं?

(1) 154 (2) 150

(3) 145 (4) 158

(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. Which of the following statement regarding Rajya Sabha is not correct?

(1) The members nominated by the President to Rajya Sabha are persons having special knowledge or practical experience in respect of such matters as literature, science, art and social service.
(2) Rajya Sabha is a permanent House and is not subject to dissolution. One-third members of Rajya Sabha retire after every second year.
(3) Odisha and Rajasthan send similar number of representatives to Rajya Sabha.
(4) In 1970, the Women members in Rajya Sabha were the highest when Indira Gandhi was the Prime Minister.
(5) Question not attempted

43. राज्य सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) राष्ट्रपति द्वारा राज्य सभा के लिए मनोनीत सदस्य साहित्य, विज्ञान, कला और सामाजिक सेवा जैसे मामलों के संबंध में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव रखने वाले व्यक्ति होते हैं।
(2) राज्य सभा एक स्थायी सदन है और इसका विघटन नहीं होता है। राज्य सभा के एक तिहाई सदस्य प्रत्येक दूसरे वर्ष के पश्चात् सेवानिवृत्त हो जाते हैं।
(3) ओडिशा और राजस्थान समान संख्या में प्रतिनिधि राज्य सभा में भेजते हैं।
(4) 1970 में, इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में राज्य सभा में महिला सदस्यों की संख्या सबसे अधिक थी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. Which of the following statement is incorrect regarding State Election Commission of Rajasthan?

(1) The State Election Commissioner should have at least five years experience of the post Principal Secretary or equivalent posts carrying same pay scale in the Government of Rajasthan or equivalent post in the Government of India.
(2) It prepares electoral rolls and holds elections for Panchayati Raj Institutions as well as for Municipal Bodies.
(3) The State Election Commissioner as a single member body is appointed by the Governor, under Article 243-K of the Constitution of India.
(4) The State Election Commission of Rajasthan was constituted in July 1995.
(5) Question not attempted

44. राजस्थान राज्य चुनाव आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(1) राज्य चुनाव आयुक्त को राजस्थान सरकार या भारत सरकार के शासन सचिव या समान वेतन श्रृंखला के समकक्ष पद का न्यूनतम पांच साल का अनुभव होना चाहिए।
(2) यह मतदाता सूची तैयार करता है और पंचायती राज संस्थाओं के साथ–साथ नगर निकायों के लिए भी चुनाव कराता है।
(3) भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-K के तहत एकल सदस्यीय निकाय के रूप में राज्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है।
(4) राजस्थान राज्य चुनाव आयोग का गठन जुलाई 1995 में किया गया था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. Which Scheme has been implemented by amalgamating the National Service Volunteer Scheme (NSVS) and the Rashtriya Sadbhawana Yojana (RSY)?

(1) National Youth Corps
(2) National Youth Volunteer Scheme
(3) National Youth Advisory Council
(4) Nehru Yuva Kendra
(5) Question not attempted

45. नेशनल सर्विस वॉलंटियर स्कीम (एन.एस.वी.एस.) एवं राष्ट्रीय सद्भावना योजना (आर.एस.वाई.) को मिलाकर किस योजना की क्रियान्वित की गई है?

(1) नेशनल यूथ कॉर्प्स
(2) नेशनल यूथ वॉलंटियर स्कीम
(3) नेशनल यूथ एडवाइसरी काउंसिल
(4) नेहरू युवा केन्द्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. In 1958, Jaipur bench of the Rajasthan High Court was abolished on the recommendations of a committee constituted by the Government of India. In this committee who among the following was not a member?

(1) V. Vishwanathan (2) Indernath Modi
(3) B.K. Gupta (4) P. Satyanarain Rao
(5) Question not attempted

47. Which of the following statements about Fundamental Rights are correct? Choose the correct answer from the code given below –

(i) Some of the Fundamental Rights are granted only to 'citizens'.
(ii) Some of the Fundamental Rights are addressed against the Executive but impose no limitation upon the Legislature at all.
(iii) Some of the Fundamental Rights are intended as absolute limitation upon legislative power.
(iv) All the Fundamental Rights are available against the state as well as violation of rights by private individuals.

**Code -**

(1) Only (i), (iii) and (iv) are correct
(2) Only (i), (ii) and (iii) are correct
(3) Only (i) and (iii) are correct
(4) Only (i), (ii) and (iv) are correct
(5) Question not attempted

48. Which of the following is not correct regarding Section 38 of Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994?

(1) Under Section 38 of Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994 the State Government may remove from office a chairperson of a Panchayati Raj Institution.
(2) Such removed chairperson shall not be eligible for being chosen under the Rajasthan Panchayati Raj Act for a period of 2 years.
(3) Such removal can be done by the State Government only after making enquiry as may be deemed necessary.
(4) Such removed chairperson may also be removed from the membership of concerning Panchayati Raj Institution.
(5) Question not attempted

46. 1958 में, राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर पीठ भारत सरकार द्वारा गठित एक समिति की सिफारिश पर समाप्त कर दी गई। इस समिति में निम्नांकित में से कौन सदस्य नहीं था?

(1) वी. विश्वनाथन (2) इंद्रनाथ मोदी
(3) बी.के. गुप्ता (4) पी. सत्यनारायण राव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. मौलिक अधिकारों के बारे में कौनसे कथन सही हैं? नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

(i) कुछ मौलिक अधिकार केवल 'नागरिकों' को दिये गये हैं।
(ii) कुछ मौलिक अधिकार कार्यपालिका के विरुद्ध संबोधित हैं लेकिन विधायिका पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाते हैं।
(iii) कुछ मौलिक अधिकारों का उद्देश्य विधायी शक्ति पर निरपेक्ष प्रतिबंध है।
(iv) सभी मौलिक अधिकार राज्य के विरुद्ध व साथ ही साथ निजी व्यक्तियों द्वारा अधिकारों के हनन के विरुद्ध भी हैं।

कूट –

(1) केवल (i), (iii) और (iv) सही हैं
(2) केवल (i), (ii) और (iii) सही हैं
(3) केवल (i) और (iii) सही हैं
(4) केवल (i), (ii) और (iv) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. निम्नांकित में से राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 38 के बारे में क्या सही नहीं है?

(1) राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 38 के अन्तर्गत राज्य सरकार पंचायती राज संस्था के अध्यक्ष को उसके पद से हटा सकती है।
(2) इस तरह हटाया गया अध्यक्ष राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के अधीन दो वर्षों तक चुनाव के योग्य नहीं होगा।
(3) ऐसा निष्कासन राज्य सरकार द्वारा केवल आवश्यक जाँच के बाद ही किया जा सकता है।
(4) ऐसे हटाए गए अध्यक्ष को संबंधित पंचायती राज संस्था की सदस्यता से भी हटाया जा सकता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. Lokayukt, Rajasthan cannot hear the complaints against which of the following?
(1) District Collector
(2) Zila Pramukh
(3) Cabinet Minister of Rajasthan
(4) Officers and Personnel of Rajasthan Vidhan Sabha Secretariat
(5) Question not attempted

50. What is the main vision of Rajasthan MSME Policy, 2024?
(1) Strengthening foreign investment
(2) Strengthening of the market linkages by linking up of inter-state MSMEs
(3) Enhancement of the Government Budget to MSMEs
(4) Create Globally Competitive and Locally Relevant MSME sector in Rajasthan
(5) Question not attempted

51. Which of the following statements regarding the Constituent Assembly are incorrect?
(A) The Constituent Assembly met for the first time in New Delhi on 9 December, 1946 in the Constitution Hall which is now known as the Central Hall of Parliament House.
(B) The Constituent Assembly took almost three years with eleven sessions to complete its historic task of drafting the Constitution for Independent India.
(C) The Chairman of the House Committee was Rajendra Prasad.
(D) West Bengal was represented by 29 members.

**Code -**
(1) Both (A) and (D) are incorrect
(2) Both (B) and (C) are incorrect
(3) Both (C) and (D) are incorrect
(4) (A), (C) and (D) are incorrect
(5) Question not attempted

49. लोकायुक्त, राजस्थान निम्नलिखित में से किनके विरुद्ध शिकायतें नहीं सुन सकते?
(1) जिला कलेक्टर
(2) जिला प्रमुख
(3) राजस्थान के कैबिनेट मंत्री
(4) राजस्थान विधान सभा सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. राजस्थान एम.एस.एम.ई. पॉलिसी–2024 की मुख्य दृष्टि क्या है?
(1) विदेशी निवेश को मजबूत करना
(2) अन्तर्राज्यीय एम.एस.एम.ई. को जोड़कर बाजारी कड़ियों को मजबूत करना
(3) एम.एस.एम.ई. क्षेत्र के सरकारी बजट को बढ़ाना
(4) राजस्थान में वैश्विक प्रतियोगी और स्थानिक प्रासंगिक एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को सृजित करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. संविधान सभा के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसे कथन गलत हैं?
(A) संविधान सभा की पहली बैठक नई दिल्ली में 9 दिसंबर, 1946 को कॉन्स्टिट्यूशन हॉल में हुई, जिसे अब संसद भवन के सेंट्रल हॉल के रूप में जाना जाता है।
(B) स्वतंत्र भारत के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के अपने ऐतिहासिक कार्य को पूरा करने में संविधान सभा को ग्यारह सत्रों के साथ लगभग तीन साल लग गए।
(C) हाउस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद थे।
(D) पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व 29 सदस्यों ने किया।

कूट –
(1) (A) और (D) दोनों गलत हैं
(2) (B) और (C) दोनों गलत हैं
(3) (C) और (D) दोनों गलत हैं
(4) (A), (C) और (D) गलत हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. Under the 'Viksit Bharat – Viksit Rajasthan' vision of Chief Minister Bhajanlal Sharma, in the next 5 years Rajasthan's economy will become -

(1) 350 billion dollar economy
(2) 550 billion dollar economy
(3) 450 billion dollar economy
(4) 250 billion dollar economy
(5) Question not attempted

53. **Assertion (A) :** The first function of Parliament is that of providing the Cabinet and holding them responsible.

**Reason (R) :** The responsibility of the Cabinet is to the popular Chamber; its membership is not necessarily restricted to that Chamber.

Based on the above statements, identify the correct answer from the options given below -

(1) 'A' is true but 'R' is false
(2) 'R' is true but 'A' is false
(3) Both 'A' and 'R' are individually true and 'R' is the correct explanation of 'A'
(4) Both 'A' and 'R' are individually true but 'R' is not the correct explanation of 'A'
(5) Question not attempted

54. Which of the following statement is incorrect regarding Ordinance making power of the Governor of Rajasthan?

(1) Between year 2021 to 2023, there has been only one instance of an Ordinance being promulgated by the Governor of Rajasthan.
(2) Such Ordinance shall be laid before the Legislative Assembly of the State, and shall cease to operate at the expiration of six weeks from the reassembly of the Legislative Assembly.
(3) Under Article 213 of the Constitution of India the Governor of Rajasthan is vested with power to promulgate Ordinances during recess of Legislative Assembly.
(4) The Ordinance may be withdrawn at any time by the Governor.
(5) Question not attempted

52. मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की 'विकसित भारत–विकसित राजस्थान' दृष्टि के अंतर्गत अगले 5 वर्षों में राजस्थान की अर्थव्यवस्था हो जाएगी –

(1) 350 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था
(2) 550 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था
(3) 450 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था
(4) 250 अरब डॉलर अर्थव्यवस्था
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. **अभिकथन (A) :** संसद का प्रथम दायित्व मंत्रीमंडल प्रदान करना और इसे उत्तरदायी बनाये रखना है।

**कारण (R) :** मंत्रीमंडल की जिम्मेदारी लोकप्रिय सदन के प्रति है; इसकी सदस्यता अनिवार्य रूप से उस सदन तक सीमित नहीं है।

उपरोक्त कथनों के आधार पर नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

(1) 'A' सही है लेकिन 'R' गलत है
(2) 'R' सही है लेकिन 'A' गलत है
(3) व्यक्तिगत रूप से 'A' और 'R' दोनों सही हैं और 'R', 'A' की उचित व्याख्या है
(4) व्यक्तिगत रूप से 'A' और 'R' दोनों सही हैं लेकिन 'R', 'A' की उचित व्याख्या नहीं है
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. राजस्थान के राज्यपाल की अध्यादेश निर्माण की शक्ति के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(1) वर्ष 2021 से 2023 के बीच, राजस्थान के राज्यपाल द्वारा पारित किए गए अध्यादेश का केवल एक उदाहरण है।
(2) ऐसे अध्यादेश को राज्य की विधान सभा के समक्ष रखा जाएगा, और विधानमंडल की पुनः बैठक के छह सप्ताह की समाप्ति पर यह प्रवर्तन में नहीं रहेगा।
(3) भारत के संविधान के अनुच्छेद 213 के तहत राजस्थान के राज्यपाल को विधानमंडल के अवकाश के दौरान अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है।
(4) अध्यादेश राज्यपाल द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. As a consequence of which Constitutional Amendment, the Election Commission of India cannot appoint the Election Tribunals for the decision of doubts and disputes arising out of or in connection with election to Parliament and to the legislatures of states?

(1) 19th Constitutional Amendment Act

(2) 44th Constitutional Amendment Act

(3) 76th Constitutional Amendment Act

(4) 42nd Constitutional Amendment Act

(5) Question not attempted

56. Which of the following statements regarding the Indian Constitution are correct? Choose the correct answer from the code given below –

(i) The Indian Constitution adopts the via media between the American System of 'Judicial Supremacy' and the British Principle of 'Parliamentary Supremacy'.

(ii) The Indian Constitution prefers the American Doctrine of 'Limited Government' to the British Doctrine of 'Parliamentary Supremacy'.

(iii) The Indian Constitution follows the principle of 'Procedure established by Law' and not the principle of 'Due Process of Law'.

**Code -**

(1) (i), (ii) and (iii) are correct

(2) (ii) and (iii) are correct

(3) (i) and (iii) are correct

(4) (i) and (ii) are correct

(5) Question not attempted

55. किस संविधान संशोधन के परिणामस्वरूप भारत का निर्वाचन आयोग, संसद और राज्यों की विधानमंडलों के निर्वाचनों से उद्भूत या संसक्त संदेहों और विवाद के निर्णय के लिए निर्वाचन न्यायाधिकरण की नियुक्ति नहीं कर सकता?

(1) 19वां संविधान संशोधन अधिनियम

(2) 44वां संविधान संशोधन अधिनियम

(3) 76वां संविधान संशोधन अधिनियम

(4) 42वां संविधान संशोधन अधिनियम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. भारतीय संविधान के बारे में निम्न में से कौनसे कथन सही हैं? निम्न कूट में से सही उत्तर चुनिये –

(i) भारत का संविधान 'न्यायिक सर्वोच्चता' की अमेरिकी व्यवस्था एवं 'संसदीय सर्वोच्चता' के ब्रिटिश सिद्धान्त के बीच का रास्ता अपनाता है।

(ii) भारतीय संविधान 'संसदीय सर्वोच्चता' के ब्रिटिश सिद्धान्त के स्थान पर 'सीमित सरकार' के अमेरिकी सिद्धान्त को प्राथमिकता देता है।

(iii) भारतीय संविधान 'कानून की उचित प्रक्रिया' के सिद्धान्त के स्थान पर 'कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया' के सिद्धान्त का अनुसरण करता है।

कूट –

(1) (i), (ii) और (iii) सही हैं

(2) (ii) और (iii) सही हैं

(3) (i) और (iii) सही हैं

(4) (i) और (ii) सही हैं

(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. Which of the following statements related to Preamble are incorrect? Identify the correct answer from the code given below –

(A) In Sajjan Singh Case, Supreme Court agreed that the Preamble was the key to the minds of the framers of Constitution.

(B) In Berubari Case, the Supreme Court said that Preamble had the stamp of "deep deliberation", was "marked by precision" and the framers of the Constitution attached significance to it.

(C) In Golak Nath Case, it was observed that the Preamble was the "very soul of the Constitution – eternal and unalterable".

(D) In Keshavananda Bharati Case, the Court observed that Preamble was not only very much part of the Constitution, but was of "extreme importance and the Constitution should be read and interpreted in the light of the grand and noble vision expressed in the Preamble".

**Code -**

(1) Both (C) and (D) are incorrect
(2) Both (B) and (C) are incorrect
(3) (A), (B) and (D) are incorrect
(4) Both (A) and (B) are incorrect
(5) Question not attempted

58. As per the Constitution of India, who may make laws regarding cultivation, manufacture and sale for export of opium?

(1) State Legislature
